**<u>भारत के राजपत्र असाधारण, के भाग-1 खंड-1 में प्रकाशनार्थ</u>**

**फा. सं. No. 06/35/2023 - डीजीटीआर**

**भारत सरकार**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**

**वाणिज्य विभाग**

**व्यापार उपचार महानिदेशालय**

**चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001**

**दिनांक : 11.02.2025**

**<u>शुद्धि पत्र अधिसूचना</u>**

**विषय : चीन जन. गण. के मूल के अथवा अथवा वहां से निर्यातित "नॉन-कैपेसिटर अनुप्रयोग के लिए 5.5 माइक्रोन से कम के एल्यूमीनियम फॉयल को छोड़कर, 80 माइक्रोन तक के एल्यूमीनियम फॉयल" के आयातों के संबंध में प्रारंभिक जांच परिणाम - पाटनरोधी जांच**

1. समय-समय पर यथा संशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 और समय-समय पर यथा संशोधित सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की पहचान, आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 को ध्यान में रखते हुए, निर्दिष्ट प्राधिकारी एतद्द्वारा संबद्ध पाटनरोधी जांच के संबंध में दिनांक 28.08.2024 की अधिसूचना संख्या 06/35/2023 - डीजीटीआर के तहत जारी प्रारंभिक जांच परिणामों में निम्नलिखित सुधार करते हैं।

2. दिनांक 01.01.2025 के शुद्धिपत्र अधिसूचना के स्थान पर प्रारंभिक निष्कर्षों के निम्नलिखित पैराग्राफ प्रतिस्थापित किए जाएंगे जिन्हें निम्नानुसार पढ़ा जाएगा:

3. तालिका में पैरा 6 (v), क्रम संख्या 12 को जियांग्सू फेंगयुआन एल्युमीनियम मास्टर टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के स्थान पर जियांग्सू फेंगयुआन एल्युमीनियम एमस्टार टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के रुप में पढ़ा जाए।

4. तालिका में पैरा 6 (vi), क्रम संख्या 10 को जियांग्सू फेंगयुआन एल्युमीनियम मास्टर टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के स्थान पर जियांग्सू फेंगयुआन एल्युमीनियम एमस्टार टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के रुप में पढ़ा जाए।

5. प्रारंभिक जांच परिणाम के पैरा 26 को इस प्रकार पढ़ा जाए :

'दिनांक 8 मई 2024 को आयोजित पीयूसी-पीसीएन की सुनवाई के बाद हितबद्ध पक्षकारों के साथ-साथ घरेलू उद्योग से प्राप्त पीयूसी और पीसीएन पद्धति के दायरे पर विभिन्न टिप्पणियों की गहन जांच करने के बाद और दिनांक 16 सितंबर, 2021 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 51/2021- सीमा शुल्क (एडीडी) के तहत पहले से ही किए गए माप के अधीन उत्पाद के दायरे पर विचार करते हुए, वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद का दायरा इस प्रकार है:

वर्तमान सिफारिश में विचाराधीन उत्पाद "80 माइक्रोन तक का एल्युमीनियम फॉयल," है (जिसे इसके बाद "संबद्ध वस्तु" अथवा "विचाराधीन उत्पाद" अथवा "पीयूसी" भी कहा गया है)। कैपेसिटर के लिए 99.35% शुद्धता वाली 500 मिमी से कम चौड़ाई वाली 5-माइक्रोन गेज की एल्युमीनियम फॉयल तथा कैपेसिटर के लिए 5.5 माइक्रोन से 80 माइक्रोन तक की एल्युमीनियम फॉयल को पीयूसी के दायरे में शामिल किया गया है।

निम्नलिखित को पीयूसी के दायरे से बाहर रखा गया है :

क. नॉन-कैपेसिटर अनुप्रयोगों के लिए 5.5 माइक्रोन गेज से कम के एल्युमिनियम फॉयल;

ख. 5 माइक्रोन से कम, 5 माइक्रोन से अधिक और 5.5 माइक्रोन तक के कैपेसिटर के लिए एल्युमिनियम फॉयल। तथापि, यह स्पष्ट किया जाता है कि कैपेसिटर के लिए 99.35% शुद्धता वाली 500 मिमी से कम चौड़ाई वाली 5-माइक्रोन गेज की एल्युमीनियम फॉयल तथा कैपेसिटर के लिए 5.5 माइक्रोन से 80 माइक्रोन तक की एल्युमीनियम फॉयल को भी पीयूसी के दायरे में शामिल किया गया है;

ग. **अल्ट्रा-लाइट गेज कन्वर्टेड फॉयल, जिसका उपयोग इन्सुलेशन, मसालों की पैकिंग, थर्मल फ्लूड लाइन कवरिंग और टी बैग के अनुप्रयोग में किया जाता है** - अल्ट्रा लाइट गेज कन्वर्टेड फॉयल, 5.5 माइक्रोन से 7 माइक्रोन की मोटाई वाली एक एल्युमिनियम फॉयल, जिसे क्राफ्ट पेपर और स्क्रिम अथवा ग्लास क्लॉथ, चाहे प्लेन या मुद्रित हो, के साथ इन्सुलेशन, मसालों की पैकिंग, थर्मल फ्लूइड लाइन कवरिंग और टी बैग के अनुप्रयोग में उपयोग के लिए बनाया जाता है;

घ. **इलेक्ट्रोलाइटिक कैपेसिटर के लिए नक्काशीदार या निर्मित एल्युमिनियम फॉयल** - नक्काशीदार या निर्मित एल्युमिनियम फॉयल ऐसे एल्युमिनियम फॉयल हैं, जिसका उपयोग इलेक्ट्रोलाइटिक कैपेसिटर के निर्माण में किया जाता है।

ङ. **फेकेड क्लेडिंग और साइनेज अनुप्रयोगों के लिए एल्युमीनियम कम्पोजिट पैनल** - एल्युमीनियम कम्पोजिट पैनल एक गैर-एल्युमीनियम कोर (प्राय: पीई) है जो एल्यूमीनियम की दो पतली परतों के बीच बंधा होता है, जिसका उपयोग फैकेड क्लेडिंग और साइनेज में किया जाता है।

च. **कंपेटिबल नॉन-क्लैड एल्यूमीनियम फॉयल के साथ लिपटी हुई** - संगत नॉन-क्लैड एल्यूमीनियम फॉयल के साथ लिपटी हुई एक जंग रोधी एल्यूमीनियम शीट होती है, जो एल्यूमीनियम सर्फेस लेयर से बनाई जाती है और ऑटोमोटिव उद्योग और औद्योगिक अनुप्रयोगों में इंजन कूलिंग और एयर कंडीशनर सिस्टम में उपयोग के लिए उच्च शक्ति एल्यूमीनियम मिश्र धातु (अलॉय) कोर सामग्री से बंधी होती है; जैसे रेडिएटर, कंडेंसर, इवेपोरेटर, इंटरकूलर, ऑयल कूलर और हीटर।

छ. **बीयर की बोतल के लिए फॉयल** - 10.5 माइक्रोन की एल्युमीनियम फॉयल, जिसकी सतह खुरदरी हो तथा छिद्रित हो, चाहे वह प्रिंटेड हो अथवा नहीं; जिसे बीयर की बोतल में उपयोग किया जाएगा।

ज. **एल्यूमीनियम - मैंगनीज** - सिलिकॉन आधारित और/ अथवा क्लैड एल्यूमीनियम-मैंगनीज सिलिकॉन आधारित मिश्र धातु (अलॉय), चाहे क्लैड हो या अनक्लैड - पोस्ट ब्रेज़िंग यील्ड स्ट्रेंथ 35 एमपीए से अधिक, टैरिफ हेडिंग 7607 और 7606 के अंतर्गत, रेडिएटर, चार्ज एयर कूलर, कंडेंसर, ऑयल कूलर, हीटर कोर, इवेपोरेटर, हीट वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) सिस्टम और उनके भागों सहित हीट एक्सचेंजर्स में उपयोग के लिए।

झ. चिपकने वाले टेप

ञ. **<u>कलर कोटेड एल्यूमीनियम फॉयल</u>** - चाहे एक तरफ अथवा दोनों तरफ हो, चाहे कोई भी रंग, आकार या कोटिंग हो।

ट. **<u>पॉलीयूरेथेन कोटेड एल्यूमीनियम फॉयल</u>** - चाहे एक तरफ अथवा दोनों तरफ हो, चाहे कोई भी रंग, आकार या कोटिंग हो।

| क्र. सं. | फॉयल का प्रकार | माइक्रोन रेंज | बेयर / कंवर्टेड | पीसीएन कोड |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1 | एल्यु एल्यु स्टॉक / फॉयल | 45-60 | बेयर फॉयल | एएसबीएफ |
| 2 | हाउस फॉयल / होम फॉयल | 8-22 | बेयर फॉयल | एचएफ बीएफ |
| 3 | लाइट गेज (एलजी) | 7- < 20 | बेयर फॉयल | एलजीबीएफ |
| 4 | मीडियम गेज (एमजी) | 20-60 | बेयर फॉयल | एमजीबीएफ |
| 5 | सेमी रिजिड कंटेनर (एसआरसी) | 30-80 | बेयर फॉयल | एसआरबीएफ |
| 6 | अल्ट्रा - लाइट गेज बेयर | 5.5- <7 | बेयर फॉयल | यूजीबीएफ |
| 7 | बैट्री फॉयल | 9-20 | बेयर फॉयल | बीएफबीएफ |
| 8 | कैपेसिटर | 500 मिमी से कम चौड़ाई पर केवल 5 माइक्रोन, 99.35% शुद्धता और 5.5 माइक्रोन से अधिक 80 माइक्रोन तक | बेयर फॉयल | सीएफबीएफ |
| 9 | कोई अन्य बेयर फॉयल (क्र.सं.1-8 में न आने वाली ) | | बेयर फॉयल | ओएफबीएफ |
| 10 | सिग्रेट फॉयल | 5.5-7 | कंवर्टेड | सीएफसीएफ |
| 11 | एल्यु एल्यु कंवर्टेड / लेमिनेटेड | 45-60 | कंवर्टेड | एएससीएफ |
| 12 | हाउस फॉयल / होम फॉयल कंवर्टेड | 8-22 | कंवर्टेड | एचएफसीएफ |
| 13 | एसआरसी कंवर्टेड | 30-80 | कंवर्टेड | एसआरसीएफ |
| 14 | मीडियम गेज (एमजी) कंवर्टेड | 20-60 | कंवर्टेड | एमजीसीएफ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 15 | लाइट गेज (एलजी) कंवर्टेड | 7-<20 | कंवर्टेड | एलजीसीएफ |
| 16 | बैट्री फॉयल कंवर्टेड | 9-20 | कंवर्टेड | बीएफसीएफ |
| 17 | कोई अन्य कंवर्टेड फॉयल (क्र.सं.10-16 में न आने वाली) | | कंवर्टेड | ओएफसीएफ |

6. भाग लेने वाले किसी भी उत्पादक/ निर्यातक ने दिनांक 16 सितंबर, 2021 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 51/2021-सीमा शुल्क (एडीडी) के तहत पाटनरोधी शुल्क के अधीन उत्पाद के निर्यात की सूचना नहीं दी है। इसलिए प्रारंभिक जांच परिणामों में निर्धारित पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन वर्तमान प्रारंभिक निर्धारण के प्रयोजन के लिए समान हैं।

7. पैरा 44 (i) को जियांग्सू फैंगयुआन एल्युमीनियम मास्टर टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के स्थान पर जियांग्सू फैंगयुआन एल्युमीनियम एमस्टार टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के रुप में पढ़ा जाए।

8. पैरा 47 (xx) को जियांग्सू फैंगयुआन एल्युमीनियम मास्टर टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के स्थान पर जियांग्सू फैंगयुआन एल्युमीनियम एमस्टार टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के रुप में पढ़ा जाए।

9. पैरा 59 (v) को जियांग्सू फैंगयुआन एल्युमीनियम मास्टर टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के स्थान पर जियांग्सू फैंगयुआन एल्युमीनियम एमस्टार टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के रुप में पढ़ा जाए।

10. पैरा 102 पर तालिका को इस प्रकार पढ़ा जाए :

| **विवरण** | **इकाई** | **2019-20** | **2020-21** | **अप्रैल 21 - सितंबर 22 (वार्षिकीकृत)** | **जांच की अवधि** |
|---|---|---|---|---|---|
| घरेलू उद्योग की बिक्रियां | मी. टन | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 118 | 171 | 200 |
| समर्थकों की बिक्रियां | मी. टन | - | - | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | - | - | 100 | 343 |
| अन्य उत्पादकों की बिक्रियां | मी. टन | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 115 | 106 | 88 |
| संबद्ध देश चीन | मी. टन | 21,808 | 16,744 | 20,524 | 61,546 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 77 | 94 | 282 |
| अन्य देशों के आयात से पाटन | मी. टन | 23,925 | 18,359 | 37,229 | 27,033 |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 77 | 156 | 113 |
| थाइलैंड | मी. टन | 18,043 | 16,244 | 36,085 | 27,007 |
| इंडोनेशिया | मी. टन | 3,410 | 1,530 | 994 | 19 |
| मलेशिया | मी. टन | 2,472 | 586 | 150 | 7 |
| अन्य देश | मी. टन | 19,747 | 19,040 | 16,351 | 5,049 |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 96 | 83 | 26 |
| कुल भारतीय मांग | मी. टन | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 101 | 121 | 135 |

11. पैरा 104 पर तालिका को इस प्रकार पढ़ा जाए :

| **विवरण** | **इकाई** | **2019-20** | **2020-21** | **अप्रैल 21 - सितंबर 22 (वार्षिकीकृत)** | **जांच की अवधि** |
|---|---|---|---|---|---|
| **आयातों की मात्रा** | | | | | |
| संबद्ध देश चीन | मी. टन | 21,808 | 16,744 | 20,524 | 61,546 |
| अन्य देशों से आयात से पाटन | मी. टन | 23,925 | 18,359 | 37,229 | 27,033 |
| थाइलैंड | मी. टन | 18,043 | 16,244 | 36,085 | 27,007 |
| इंडोनेशिया | मी. टन | 3,410 | 1,530 | 994 | 19 |
| मलेशिया | मी. टन | 2,472 | 586 | 150 | 7 |
| अन्य देश | मी. टन | 19,747 | 19,040 | 16,351 | 5,049 |
| कुल आयातों की मात्रा | मी. टन | 65,479 | 54,143 | 74,104 | 93,628 |
| **निम्नलिखित के संबंध में संबद्ध आयात** | | | | | |
| कुल आयात | % | 33 | 31 | 28 | 66 |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 93 | 83 | 197 |
| उत्पादन | % | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 68 | 68 | 199 |
| खपत | % | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 76 | 78 | 209 |

12. पैरा 108 पर तालिका को इस प्रकार पढ़ा जाए :

| विवरण | इकाई | जांच की अवधि |
|---|---|---|
| बिक्री कीमत | ₹/ मी. टन | *** |
| पहुंच कीमत | ₹/ मी. टन | *** |
| कीमत कटौती | ₹/ मी. टन | *** |
| कीमत कटौती | % | *** |
| कीमत कटौती | रेंज | 0-10 |

13. पैरा 110 पर तालिका को इस प्रकार पढ़ा जाए :

| विवरण | इकाई | 2019-20 | 2020-21 | अप्रैल 21 - सितंबर 22 (वार्षिकीकृत) | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| बिक्रियों की लागत | ₹/ कि. ग्रा. | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 100 | 131 | 139 |
| बिक्री कीमत | ₹/ कि. ग्रा. | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 103 | 153 | 143 |
| पहुंच कीमत | ₹/ कि. ग्रा. | 214 | 218 | 358 | 342 |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 102 | 167 | 159 |

14. पैरा 114 पर तालिका को इस प्रकार पढ़ा जाए :

| विवरण | इकाई | 2019-20 | 2020-21 | अप्रैल 21 - सितंबर 22 (वार्षिकीकृत) | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| क्षमता | मी. टन | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 126 | 214 | 246 |
| उत्पादन | मी. टन | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 124 | 213 | 248 |
| क्षमता उपयोग | % | *** | *** | *** | *** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 98 | 99 | 101 |
| घरेलू बिक्रियां | मी. टन | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 118 | 171 | 200 |
| निर्यात बिक्रियां | मी. टन | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 192 | 541 | 777 |

15. पैरा 116 पर तालिका को इस प्रकार पढ़ा जाए :

| **विवरण** | **इकाई** | **2019-20** | **2020-21** | **अप्रैल 21 - सितंबर 22 (वार्षिकीकृत)** | **जांच की अवधि** |
|---|---|---|---|---|---|
| घरेलू उद्योग | % | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 117 | 141 | 148 |
| समर्थक | % | - | - | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | - | - | 100 | 308 |
| अन्य उत्पादक | % | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 114 | 87 | 65 |
| भारतीय उद्योग | % | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | 100 | 115 | 106 | 95 |
| संबद्ध देश - चीन | % | 15 | 11 | 12 | 31 |
| पाटनरोधी शुल्क वाले देश | % | 17 | 13 | 21 | 14 |
| अन्य देश | % | 14 | 13 | 9 | 3 |
| भारत में मांग | मी. टन | *** | *** | *** | *** |
| भारत में स्थापित क्षमता | मी. टन | *** | *** | *** | *** |
| मांग - आपूर्ति अंतर | मी. टन | *** | *** | *** | *** |

16. पैरा 118 पर तालिका को इस प्रकार पढ़ा जाए :

| **विवरण** | **इकाई** | **2019-20** | **2020-21** | **अप्रैल 21 - सितंबर 22 (वार्षिकीकृत)** | **जांच की अवधि** |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ / हानि | ₹/ मी. टन | (***) | (***) | *** | (***) |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | -100 | -65 | 124 | - 87 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पीबीआईटी | ₹ लाख | (***) | (***) | *** | (***) |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | -100 | -51 | 299 | -103 |
| पीबीआईटी प्रति इकाई | ₹/ मी. टन | (***) | (***) | *** | (***) |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | -100 | -41 | 140 | -42 |
| नकदी लाभ | ₹ लाख | (***) | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | -100 | 133 | 1,329 | 38 |
| नकदी लाभ प्रति इकाई | ₹/ मी. टन | (***) | *** | *** | *** |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | -100 | 107 | 625 | 15 |
| आरओआई - एनएफए | % | (***) | (***) | *** | (***) |
| प्रवृति | सूचीबद्ध | -100 | -50 | 133 | -54 |

17. पैरा 124 पर तालिका को इस प्रकार पढ़ा जाए :

| **विवरण** | **इकाई** | **2019-20** | **2020-21** | **अप्रैल 21 - सितंबर 22 (वार्षिकीकृत)** | **जांच की अवधि** |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पादन | % | - | *** | *** | *** |
| घरेलू बिक्रियां | % | - | *** | *** | *** |
| पीबीआईटी | % | - | (***) | (***) | (***) |
| नकदी लाभ - लाख रुपए | % | - | (***) | *** | (***) |
| नियोजित पूंजी पर आय | % | - | *** | *** | (***) |

18. पैराग्राफ 149 (i) को इस प्रकार पढ़ा जाएगा:

विचाराधीन उत्पाद का दायरा "80 माइक्रोन तक एल्युमीनियम फॉयल" है, जिसमें प्रारंभिक निष्कर्षों के पैरा 26 में निर्दिष्ट उत्पाद प्रकार शामिल नहीं हैं, जैसा कि ऊपर पैरा 5 में संशोधित किया गया है।

19. पैरा संख्या 151 पर, कॉलम 6 में शुल्क तालिका में शीर्षक के रूप में "उत्पादक/ निर्यातक" अंकित है तथा कॉलम 7 में संगत पाटनरोधी शुल्क दर दी गई है। कॉलम 6 के शीर्षक को उत्पादक/ निर्यातक के स्थान पर **"उत्पादक"** के रुप में माना जाए।

20. अनुच्छेद 151 के अंतर्गत अपवर्जन इस प्रकार पढ़े जाएंगे:

क. गैर-संधारित्र अनुप्रयोगों के लिए 5.5 माइक्रोन गेज से कम एल्युमिनियम फॉयल;

ख. 5 माइक्रोन से कम तथा 5 माइक्रोन से अधिक और 5.5 माइक्रोन तक के संधारित्रों के लिए एल्युमिनियम फॉयल। हालांकि यह स्पष्ट किया जाता है कि संधारित्रों के लिए 99.35% शुद्धता वाली 500 मिमी से कम चौड़ाई वाली 5-माइक्रोन गेज की एल्युमिनियम फॉयल तथा संधारित्रों के लिए 5.5 माइक्रोन से 80 माइक्रोन तक की एल्युमिनियम फॉयल को पीयूसी के दायरे में शामिल किया गया है;

ग. <u>इन्सुलेशन, मसालों की पैकिंग, थर्मल फ्लूइड लाइन कवरिंग तथा चाय की थैलियों के अनुप्रयोग में उपयोग के लिए अल्ट्रा-लाइट गेज परिवर्तित फॉयल</u> - अल्ट्रा लाइट गेज परिवर्तित फॉयल 5.5 माइक्रोन से 7 माइक्रोन की मोटाई वाली एल्युमिनियम फॉयल है, जिसे इन्सुलेशन, मसालों की पैकिंग, थर्मल फ्लूइड लाइन कवरिंग तथा चाय की थैलियों के अनुप्रयोग में उपयोग के लिए क्राफ्ट पेपर तथा स्क्रिम या ग्लास क्लॉथ, चाहे सादा हो या मुद्रित, से समर्थित किया जाता है;

घ. <u>इलेक्ट्रोलाइटिक कैपेसिटर के लिए नक्काशीदार या निर्मित एल्युमीनियम फॉयल -</u> नक्काशीदार या निर्मित एल्युमीनियम फॉयल, एल्युमीनियम फॉयल है जिसका उपयोग इलेक्ट्रोलाइटिक कैपेसिटर के निर्माण में किया जाता है

ङ. <u>मुखौटा क्लैडिंग और साइनेज अनुप्रयोगों के लिए एल्युमीनियम कम्पोजिट पैनल -</u> एल्युमीनियम कम्पोजिट पैनल एक गैर-एल्युमीनियम कोर (अक्सर पीई) होता है जो एल्यूमीनियम की दो पतली परतों के बीच बंधा होता है, जिसका उपयोग मुखौटा क्लैडिंग और साइनेज में किया जाता है।

च. <u>संगत गैर-क्लैड एल्युमीनियम फॉयल के साथ क्लैड -</u> संगत गैर-क्लैड एल्युमीनियम फॉयल के साथ क्लैड एक संक्षारण प्रतिरोधी एल्युमीनियम शीट है जो ऑटोमोटिव उद्योग और औद्योगिक अनुप्रयोगों में इंजन कूलिंग और एयर कंडीशनर सिस्टम में उपयोग के लिए उच्च-शक्ति एल्युमीनियम मिश्र धातु कोर सामग्री से धातुकर्म रूप से बंधे एल्युमीनियम सतह परतों से बनाई जाती है; जैसे रेडिएटर, कंडेनसर, इवेपोरेटर, इंटरकूलर, ऑयल कूलर और हीटर।

छ. **<u>बीयर की बोतल के लिए एल्युमीनियम फॉयल -</u>** 10.5 माइक्रोन की एल्युमीनियम फॉयल जिसकी सतह खुरदरी हो और चाहे वह मुद्रित हो या नहीं, छिद्रित हो; बीयर की बोतल में इस्तेमाल किया जाना है।

ज. **<u>एल्युमीनियम-मैंगनीज-</u>** सिलिकॉन आधारित और/या क्लैड एल्युमीनियम-मैंगनीज सिलिकॉन आधारित मिश्र धातु, चाहे क्लैड हो या अनक्लैड- पोस्ट ब्रेज़िंग यील्ड स्ट्रेंथ 35 एमपीए से अधिक, टैरिफ हेडिंग 7607 और 7606 के अंतर्गत आते हैं, रेडिएटर, चार्ज एयर कूलर, कंडेनसर, ऑयल कूलर, हीटर कोर, इवेपोरेटर, हीट वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) सिस्टम और उसके भागों सहित हीट एक्सचेंजर्स में उपयोग के लिए।

झ. चिपकने वाला टेप

ञ. **<u>रंग लेपित एल्युमीनियम फॉयल-</u>** या तो एक तरफ या दोनों तरफ, रंग, आकार या कोटिंग पर ध्यान दिए बिना।

ट. **<u>पॉलीयूरेथेन लेपित एल्युमीनियम फॉयल-</u>** या तो एक तरफ या दोनों तरफ, रंग, आकार या कोटिंग पर ध्यान दिए बिना।

21. पैरा 151 ***गैर-नमूनाकृत कंपनियों की सूची क्रम सं. (5), जिसे **जियांग्सू फेंगयुआन एल्युमीनियम मास्टर टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के स्थान पर जियांग्सू फेंगयुआन एल्युमीनियम एमस्टार टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड** के रुप में पढ़ा जाए।

दर्पण जैन

**(दर्पण जैन)**
**निर्दिष्ट प्राधिकारी**